13. वाक्य

व्याकरण का तीसरा अंग है– वाक्य। दो या अधिक शब्दों का व्यवस्थित क्रम या समूह वाक्य कहलाता है। वाक्य सार्थक शब्दों का मेल होता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से बातचीत करें। बताएँ, इस बातचीत में हम कई वाक्यों को बोल रहे हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए उदाहरणों की सहायता से वाक्य स्पष्ट करें।
- ❖ समझाएँ, हम सभी अपने भाव, विचार वाक्य में पिरोकर ही प्रकट करते हैं।
- ❖ वाक्य के अंगों के बारे में बताएँ। बताएँ, वाक्य के उद्देश्य और विधेय दो अंग होते हैं। पृष्ठ 82 पर दिए वाक्यों के उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।
- ❖ वाक्य बोलें तथा बच्चों से उद्देश्य-विधेय बताने को कहें।
- ❖ वाक्य के दोनों भेदों को स्पष्ट करें।
- ❖ पृष्ठ 82-83 पर दिए रचना तथा अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद विस्तार से समझाएँ।
- ❖ 'आपने सीखा' द्वारा मुख्य बिंदु दोहरवा लें।
- ❖ अभ्यास जाँचें तथा त्रुटि होने पर सुधार करवाएँ।